कार्यालय रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (मध्य कमान) करियप्पा मार्ग, लखनऊ छावनी-226002
Office of the Principal Controller of Defence Accounts (CC)
Cariappa Road, Lucknow Cantt.-226002

सं.प्रशा./1025/हि.क./पत्रिका/14 वां अंक

दिनांक : 14.12.2017

सेवा में ,

मुख्य कार्यालय के सभी अनुभाग /
सभी अधीनस्थ कार्यालय
(वेबसाइट के माध्यम से)

विषय : मुख्य कार्यालय की हिंदी गृह पत्रिका 'लेखा भारती ' के 14 वें अंक का प्रकाशनः रचनाओं का प्रेषण ।

****

कृपया इस कार्यालय के हिन्दी कक्ष के दिनांक 08.02.2017 एवं 03.05.2017 एवं 10.08.2017 के समसंख्यक पत्र का अवलोकन करें जिसके अंतर्गत संगठन के कार्यालयों / अनुभागों के प्रभारी अधिकारियों से अनुरोध किया गया था कि रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक(म.क) लखनऊ की गृह पत्रिका लेखा भारती के 14 वें अंक के प्रकाशन में सहयोग प्रदान करते हुए वे अपनी रचनाएँ प्रेषित करने के साथ, अपने अधीन कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रचनाएँ भेजने हेतु प्रोत्साहित करें । पत्रिका में प्रकाशन हेतु अब तक पर्याप्त रचनाएँ प्राप्त नहीं हो सकी हैं । अतः आपसे पुनः अनुरोध है कि मख्य कार्यालय के हिन्दी कक्ष को दिनांक 30.12.2017 तक अपनी रचनाएँ प्रेषित करने का कष्ट करें ।

अपनी रचना भेजते समय कृपया इस बात का ध्यान रखें किः-

1.रचनाएँ फुल स्केप कागज पर एक ओर टाइप होनी चाहिए । रचना के साथ ही रचनाकार / लेखक का पासपोर्ट साइज़ का कलर फोटोग्राफ़ भी प्रेषित किया जाना है ।

2.इसके साथ ही लेखक का यह प्रमाण पत्र होना चाहिए कि यह उसकी मौलिक रचना है तथा यह कहीं से प्रकाशित नहीं हुई है ।

पत्रिका में प्रकाशन योग्य सामग्री का चयन इस हेतु गठित समिति द्वारा किया जायेगा जिसमें विभागीय कार्यों (वेतन, लेखा ,अभियांत्रिकी ,एन.पी.एस, लेखा परीक्षा, परिवहन आदि) से संबंधित रचनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी ।

(दिपांकर लाहिड़ी)
व.लेखा अधिकारी(हिन्दी)